# चक्रधर समारोह : आज से शुरू होगा सांस्कृतिक महाकुंभ

- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शुभारंभ समारोह में होंगे शामिल
- पद्मश्री हेमा मालिनी राधा रास बिहारी नृत्य नाटिका पर देंगी प्रस्तुति
- पहले दिन कथक और करमा नृत्य का दिखेगा संगम







**रायगढ़**

07 सितंबर से 39 वें चक्रधर समारोह का आगाज होने जा रहा है। अगले 10 दिनों तक कला और संस्कृति की नगरी रायगढ़ सांस्कृतिक रस में सराबोर रहेगी। देश के ख्यातिनाम कलाकार कार्यक्रम देने रायगढ़ पहुंचेंगे। शुभारंभ समारोह में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल होंगे। पहले दिन प्रख्यात अभिनेत्री और शास्त्रीय नृत्यांगना पद्मश्री हेमा मालिनी प्रसिद्ध राधा रास बिहारी का मंचन करेंगी।

समारोह का शुभारंभ गणेश पूजन, दीप प्रज्वलन और गणेश वंदना से होगा। जिसके पश्चात रायगढ़ कथक घराने के वरिष्ठ कलाकार तथा इस वर्ष पद्मश्री से नवाजे गए रामलाल जी को कथक घुंघरू सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। जिसके बाद भूपेंद्र बरेठ और साथी कलाकारों द्वारा कथक समूह नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी। इसके पश्चात दर्शकों को छत्तीसगढ़ की माटी के लोक विधा करमा नृत्य का आनंद लेने का अवसर मिलेगा। जशपुर के मनियर भगत एवं साथी के द्वारा करमा नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी। कार्यक्रम के अंत में पद्मश्री हेमा मालिनी राधा रास बिहारी नृत्य नाटिका की प्रस्तुति देंगी।

चक्रधर समारोह के 10 दिवसीय आयोजन में स्थानीय से लेकर राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के कलाकारों के कुल 62 इवेंट आयोजित हैं। जिसमें नृत्य और वादन की विभिन्न विधाओं के साथ गायन और कवि सम्मेलन के कार्यक्रम शामिल हैं।

**चक्रधर समारोह के लिए मंच और पंडाल तैयार**

चक्रधर समारोह के लिए मंच और पंडाल तैयार है। यहां करीब 29 हजार स्क्वायर फीट की बैठक व्यवस्था बनाई गई है। मुख्य डोम पहले की तुलना में बड़ा बनाया गया है।

## रायगढ़ के मिट्टी में अंतर्राष्ट्रीय कुश्ती खिलाड़ी दिखायेंगे अपना दॉव-पेच

- 57 से 110 किलोग्राम वजन के पहलवानों के बीच होगा दंगल
- 11 एवं 12 सितम्बर को कुश्ती तथा 13 से 15 सितम्बर को कबड्डी प्रतियोगिता का होगा आयोजन



39वॉ चक्रधर समारोह 2024 के अवसर महिला एवं पुरूषों के अखिल भारतीय एवं राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता 11 एवं 12 सितम्बर तथा 13 से 15 सितम्बर तक कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन रामलीला मैदान, रायगढ़ में होगा।

कुश्ती प्रतियोगिता में शामिल होने के लिये छत्रसाल अखाड़ा नई दिल्ली, रायपुरा कुश्ती एकेडमी (नेवी) हरियाणा, सुशील कुमार कुश्ती एकेडमी हिसार हरियाणा, चौधरी चरण सिंह अखाड़ा मेरठ, कर्नाटका व्यायाम शाला कर्नाटक, मेहर सिंह अखाड़ा रोहतक, मास्टर चांदगीराम अखाड़ा दिल्ली, महाराष्ट्र कुश्ती संघ पुणे एवं गोवा कुश्ती एकेडमी गोवा के महिला एवं पुरूष पहलावानों को आमंत्रण भेजा गया है। सभी एकेडमी एवं अखाड़ा के संचालकों ने अपने श्रेष्ठ महिला एवं पुरूष पहलवानों को भेजने की स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस प्रतियोगिता के संचालन के लिये अंतराष्ट्रीय रेफरी अजीत मानदीपक चाहर, जशबीर सिंह ढ़ाका एवं महिला रेफरी प्रतिभा दुबे भी उपस्थित रहेंगी।

कुश्ती प्रतियोगिता में जो पहलवान अपना दॉव-पेच दिखायेंगे इनमें 57 से 75 किलोग्राम वजन में उत्तर प्रदेश मेरठ से विशाल तोमर, विनय तोमर, यशकुमार, अर्जुन प्रधान, सतेन्द्र तोमर, निशांत कुमार, भानू, निहाल गुप्ता, वंश, हिमांशू, लक्की, आलोक कुमार शामिल होंगे। इसी तरह 56 से 110 किलो ग्राम वजन में दिल्ली से अनिरूद्ध कुमार, आशीष, विशाल, अतुल, निखिल, सागर, अमित, सुमित, विकास, आशीष, 57 से 110 किलोग्राम वजन में उत्तर प्रदेश से लक्ष्मण यादव, सचिन मिरी, शेर बहादुर, 50 से 110 किलो ग्राम में छत्तीसगढ़ दुर्ग से लक्की यादव, सत्येन्द्र निषाद, सुनील निषाद, शेख फरदीन, संतोषी चंद्राकर, 55 से 110 किलो ग्राम में छत्तीसगढ़ भिलाई से विशाल पांडे, पवन कुमार, शुभांकर यादव, सतपाल यादव, सत्येन्द्र कुमार यादव, सचिन पासवान, विजेन्द्र पाल, मृत्युंजय यादव, अंकित यादव, सत्यम कुमार सिंह, हिमांशू यादव एवं अश्वनी कुमार पांडे, 50 से 80 किलोग्राम वजन में छत्तीसगढ़ धमतरी से कुनाल यादव, मनीष यदु, गिरजा शंकर, अरियन्त भोय, हर्ष चंद्रवंशी, संदीप यदु, यनेश साहू, वेद कुमारी नेताम, लक्ष्मी साहू, लोकेश्वर निषाद एवं कु.मोनिका भोय शामिल है। इसी तरह 55 से 76 किलोग्राम वजन में महिला पहलवानों में शीतल, अंजली, डोली, रेनु, सुची, खुशबू, वाशु, अंजली एवं वर्षा शामिल है।

महिला एवं पुरूष पहलवानों के चार वजन वर्ग में प्रतियोगिता होगी, जिसमें विजेता पहलवानों को नगद पुरस्कार भी प्रदान की जाएगी। इस आयोजन को सफल बनाने में छत्तीसगढ़ कुश्ती संघ का सहयोग मिल रहा है।

**कबड्डी प्रतियोगिता में महिला-पुरूष दिखायेंगे अपना जौहर**

चक्रधर समारोह 2024 के अवसर महिला रामलीला मैदान में 13 से 15 सितम्बर तक कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन होगा। जिसमें पुरूष एवं महिला दोनों वर्ग शामिल होंगे। पुरूष वर्ग में कुल 13 टीम शामिल है। इनमें विकासखण्ड रायगढ़, पुसौर, खरसिया, घरघोड़ा, तमनार, लैलूंगा, धरमजयगढ़, पुलिस विभाग, होमगार्ड, नगर पालिक निगम, बरमकेला, सारंगढ़ एवं पूर्वाचल कबड्डी दल शामिल है। इसी तरह महिला वर्ग में कुल 14 टीम शामिल होंगी। इनमें विकासखण्ड रायगढ़, पुसौर, खरसिया, घरघोड़ा, तमनार, लैलूंगा, धरमजयगढ़, पुलिस विभाग, होमगार्ड, नगर पालिक निगम, बरमकेला, सारंगढ़, अडानी पावर क.लि. एवं जिंदल पावर तमनार क.लि.शामिल है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय करेंगे प्रयास आवासीय विद्यालय का उद्घाटन

**जिले में शास.प्रयास आवासीय विद्यालय की हुई स्थापना**

**रायगढ़।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय अपने दो दिवसीय रायगढ़ प्रवास के दौरान कल 7 सितम्बर को अपरान्ह साढ़े तीन बजे प्रयास आवासीय विद्यालय का उदघाटन करेंगे। शिक्षा के क्षेत्र में उच्च स्तरीय गुणवत्ता तथा उत्कृष्टता का प्रतीक माने जाने वाले प्रयास आवासीय विद्यालय की स्थापना शिक्षा सत्र 2024-25 अंतर्गत रायगढ़ जिले में की गई है। यह विद्यालय गढ़उमरिया स्थित लाइवलीहुड कॉलेज के भवन में संचालित होने जा रहा है। विद्यालय में प्रवेश हेतु राज्य स्तर पर की गई विद्यार्थियों की काउंसलिंग पश्चात कुल 96 विद्यार्थियों में 49 बालक एवं 47 बालिकाओं को प्रवेश प्रयास विद्यालय में दिया गया है।

### बड़े भाई ने छोटे को उतारा मौत के घाट

**रायपुर (आरएनएस)।** महादेवघाट रोड स्थित चिंगरी नाला के पास एक युवक ने अपने छोटे भाई पर चाकू से हमला कर हत्या कर दी। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक चंदन साहू 18 वर्ष चिंगरी नाला के पास महादेवघाट रोड का रहने वाला था। बताया जाता है कि मृतक के बड़े भाई डोमन साहू ने घरेलू विवाद को लेकर चंदन पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। जिससे गंभीर रूप से घायल चंदन को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया था, जहां उपचार के दौरान उसकी अस्पताल में मौत हो गई। जिससे पुलिस ने आरोपी बड़े भाई के खिलाफ हत्या का अपराध दर्ज कर हिरासत में लिया है।

### वन विभाग ने हनुमान लंगूरों के अवैध शिकार के मुख्य आरोपी को किया गिरफ्तार

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ वन विभाग ने साजा वन परिक्षेत्र के ग्राम बेलगांव में आठ हनुमान लंगूरों के अवैध शिकार के मामले में मुख्य आरोपी रामाधार को गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं प्रमुख वन बल प्रमुख वी. श्रीनिवास राव तथा प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) सुधीर अग्रवाल के निर्देश पर की गई। प्रधान मुख्य वन संरक्षक राव ने ऐसे मामलों में लगातार कार्यवाही के निर्देश दिए है। दुर्ग सर्किल के मुख्य वन संरक्षक (सीसीएफ) डॉ. केनिली माचिओ एवं वनमंडलाधिकारी (डीएफओ) चंद्रशेखर परदेशी के नेतृत्व में राज्य उडऩदस्ता द्वारा यह कार्रवाई 5 सितंबर 2024 को की गई। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि आरोपी के पास से बंदूक बरामद हुई है, जिसका उपयोग 28 अगस्त 2024 को हुए इस अवैध शिकार में किया गया था। यह गिरफ्तारी धमधा की परिक्षेत्र अधिकारी लक्ष्मी आदित्य और साजा के परिक्षेत्र अधिकारी पीआर. लसेल द्वारा की गई, जिसमें बेमेतरा के उप वनमंडलाधिकारी (एसडीओ) वीएन दुबे और अन्य वन विभाग के अधिकारियों का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

## पदोन्नति : रायगढ़ के तीन सहायक उप निरीक्षकों की पदोन्नति, पुलिस अधीक्षक ने स्टार लगाकर दी शुभकामनाएं

**रायगढ़**



छत्तीसगढ़ पुलिस मुख्यालय, नवा रायपुर, अटल नगर से जारी आदेश क्रमांक पुमु/स्था/ए-3/एम-2805/2024 रायपुर, दिनांक 03.09.2024 के तहत विभिन्न जिलों में पदस्थ सहायक उप निरीक्षकों को उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नति दिया गया है। पदोन्नत के तहत जिला पुलिस रायगढ़ के तीन सहायक उप निरीक्षक- संध्यारानी कोका, कुसुम कैवर्त और दिनेश कुमार मिंज को उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नति प्राप्त हुई।

आदेश के फलस्वरूप आज पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश मरकाम ने इन तीनों सहायक उपनिरीक्षकों के कंधे पर स्टार लगाया गया और पदोन्नति की शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने पदोन्नत हुए उप निरीक्षकों को निष्ठापूर्वक कार्य करने के लिए प्रोत्साहित कर उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का दो दिवसीय रायगढ़ प्रवास

- चक्रधर समारोह सहित विभिन्न कार्यक्रमों में होंगे शामिल

**रायगढ़**



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 7 एवं 8 सितम्बर 2024 को दो दिवसीय रायगढ़ प्रवास पर आयेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री साय 7 सितम्बर को दोपहर 2.15 बजे हेलीकाप्टर द्वारा रायपुर से प्रस्थान कर अपरान्ह 3.15 बजे शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम, रायगढ़ आयेंगे। मुख्यमंत्री साय अपरान्ह 3.30 बजे शासकीय प्रयास आवासीय विद्यालय गढ़उमरिया के लिए प्रस्थान करेंगे एवं वहां उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री साय शाम 4.15 बजे शासकीय प्रयास आवासीय विद्यालय गढ़उमरिया के प्रस्थान कर शाम 4.30 बजे सर्किट हाऊस रायगढ़ आयेंगे। मुख्यमंत्री साय शाम 5.30 बजे रामलीला मैदान आयेंगे एवं वहां चक्रधर समारोह-2024 के शुभारंभ समारोह में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री साय रात्रि 8.35 बजे नटवर स्कूल मैदान में 85 वां सार्वजनिक गणेशोत्सव 2024-महाराष्ट्र मंडल में शामिल होंगे। तत्पश्चात रात्रि 9 बजे नटवर स्कूल से सर्किट हाऊस रायगढ़ के लिए प्रस्थान करेंगे एवं रात्रि विश्राम सर्किट हाऊस में करेंगे।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 8 सितम्बर को प्रात: 10.35 बजे शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी मिनी स्टेडियम आयेंगे एवं प्रात: 10.45 बजे ओपी जिंदल यूनिवर्सिटी हेलीपेड पहुंचेंगे एवं प्रात:10.50 बजे बंजारी माई धाम पूंजीपथरा, रायगढ़ आयेंगे एवं पूजा तथा मूर्ति अनावरण कार्यक्रम में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री साय पूर्वान्ह 11.40 बजे थाना परिसर पूंजीपथरा, रायगढ़ आयेंगे एवं थाना परिसर में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री साय दोपहर 12.30 बजे ओपी जिंदल यूनिवर्सिटी हेलीपेड से हेलीकाप्टर द्वारा रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

## छात्रावास अधीक्षक परीक्षा 15 सितम्बर को, जिले में बनाये गये हैं 139 परीक्षा केंद्र छात्रों के लिये जारी किए गए हेल्पलाइन नम्बर : मूल पहचान पत्र से ही परीक्षा केन्द्र में मिलेगा प्रवेश

**रायगढ़**

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल, रायपुर द्वारा 15 सितम्बर 2024 को रायगढ़ जिला मुख्यालय के साथ-साथ विकासखण्ड रायगढ़, पुसौर, खरसिया, घरघोड़ा, तमनार में 139 परीक्षा केंद्रों में छात्रावास अधीक्षक की भर्ती परीक्षा आयोजित किया जायेगा। जिसमे 39,304 परीक्षार्थी शामिल होंगे। व्यापम द्वारा प्रवेश पत्र वेबसाइट में अपलोड कर दिये गये हैं, परीक्षार्थी व्यावसायिक परीक्षा मंडल की वेबसाइट से अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते है। छात्रावास अधीक्षक की परीक्षा दोपहर 12 बजे से 2.15 बजे तक सम्पन्न होगी। परीक्षार्थी परीक्षा केंद्र में परीक्षा प्रारंभ होने के आधा घंटे पूर्व प्रवेश प्राप्त कर सकेंगे एवं परीक्षा प्रारंभ होने की 15 मिनट के बाद परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जा सकेगी।

मूल परिचय पत्र एवं प्रवेश पत्र लाना अनिवार्य- सभी परीक्षार्थी अपना फोटो युक्त मूल आईडी जैसे मतदाता पहचान पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, आधार कार्ड, पासपोर्ट, विद्यालय के फोटो परिचय पत्र, फोटो युक्त अंकसूची, बोर्ड परीक्षा के लिए जारी फोटोयुक्त प्रवेश पत्र आदि लेकर आना अनिवार्य होगा। ध्यान रखें फोटोकॉपी या मोबाइल में परिचय पत्र मान्य नहीं किए जाएंगे। परीक्षा दिवस को परीक्षा केंद्र पर उपरोक्त मूल पहचान पत्र में से कोई एक पहचान पत्र लेकर आना अनिवार्य होगा। मूल पहचान पत्र के अभाव में परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। सभी परीक्षार्थी अपने साथ व्यापम द्वारा जारी प्रवेश पत्र व्यापम की वेबसाइट में जाकर प्रिंट आउट निकाल कर उस प्रिंटआउट को लेकर परीक्षा केंद्र पर उपस्थित होना आवश्यक होगा। ध्यान रखें इसमें से व्यापम की प्रति परीक्षा केंद्र में जमा करनी होगी। परीक्षार्थी अपने साथ ओएमआर शीट लिखने के लिए नीले एवं काले रंग का बालपॉइंट पेंन लेकर उपस्थित होना हैं। परीक्षा केंद्र में किसी भी प्रकार के मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी, कैलक्यूलेटर एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामग्री लाना मना है।

परीक्षा केंद्र की कर लें पूर्व जांच- चूंकि छात्रावास अधीक्षक की परीक्षा व्यापक स्तर पर आयोजित हो रही है, अत: सभी परीक्षार्थियों को अपने प्रवेश पत्र में दर्शित केंद्र को जाकर लोकेशन अवश्य देख लेनी चाहिये एवं समय पूर्व परीक्षा केंद्र पर उपस्थित हो जायेंए समान नाम मिलते जुलते नाम से परीक्षा केंद्र बनाये गये हैंए अत: केंद्र का पूरा पता पढ़कर पूर्व में ही केंद्र देख लें। गलत परीक्षा केंद्र में शामिल होने की स्थिति में ओएमआर शीट की जांच नही हो पायेगी।

नोडल अधिकारी नियुक्त- छात्रावास अधीक्षक परीक्षा के सफल संचालन के लिये जिला कलेक्टर द्वारा महेश शर्मा, डिप्टी कलेक्टर, रायगढ़ को नोडल अधिकारी एवं भुवनेश्वर पटेल, सहायक परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा रायगढ़ को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है।

हेल्पलाइन नम्बर जारी- छात्रावास अधीक्षक की परीक्षा में 39304 परीक्षार्थी 139 केंद्रों में शामिल हो रहे है और परीक्षा केंद्र दूरस्थ क्षेत्र में स्थापित है, अत: परीक्षार्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा होने एवं केंद्र की जानकारी प्राप्त करने के लिये महेश शर्मा, डिप्टी कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी मो. 7746859383, भुवनेश्वर पटेल, एपीसी एवं सहायक नोडल अधिकारी मो. 7000081311, गजेंद्र बनज, प्रोफेसर एवं सहायक समन्वयक, मो. 9424152129 एवं नेत्रानंद चौहान, लिपिक मो.9343252654 से सम्पर्क किया जा सकता है।

## टैंकर की चपेट में आने से 7 वर्षीय बालिका की मौत

**दुर्ग । आरएनएस**




दुर्ग जिले में आज सुबह दो बड़े सडक़ हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। पहली घटना पदमनाभपुर थाना क्षेत्र की है, जहाँ तीज पर्व मनाने अपने मां के घर मोटरसाइकिल पर बैठकर अपने मामा एवं भाई के साथ कोलिहापुरी जा रही सात वर्षीय बच्ची की पानी टैंकर की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। टैंकर चालक ने तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बच्चों के मामा केवल साहू की मोटरसाइकिल को टक्कर मारी जिससे बच्ची दुर्गेश्वरी साहू के मामा, मां एवं भाई दूर जा गिरे। वहीं आजाद चौक बोरसी निवासी बच्ची दुर्गेश्वरी साहू की टैंकर की चपेट में आने से गंभीर चोंटे आई । मौके पर पहुंची पद्मनाभपुर पुलिस बच्ची को तुरंत अस्पताल ले गई लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। घटना के बाद आरोपी टैंकर चालक टैंकर छोडक़र फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। वहीं दूसरी घटना दुर्ग के ही अंडा में अटल चौक के पास अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को चपेट में लिया जिससे बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई । हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। यह घटना सुबह 8 बजे की बताई जा रही है। अंडा थाना पुलिस जांच में जुटी है।

## स्वास्थ्य सुविधाओं में बेहतरी के लिए बनाएं कार्ययोजना -वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी

- नाईट शिफ्ट में कार्य करने वाली महिला कर्मचारियों के लिए यातायात व्यवस्था के दिए निर्देश
- मेडिकल स्टॉफ, इंफ्रास्ट्रक्चर, संसाधन के साथ की सुविधाओं की समीक्षा
- वित्त मंत्री चौधरी ने मेडिकल कालेज प्रबंधन की ली बैठक

**रायगढ़**



वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने मेडिकल कॉलेज प्रबंधन एवं मूलभूत आवश्यकता के संबंध में आज स्व.लखीराम अग्रवाल स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, रायगढ़ में बैठक ली। वित्त मंत्री चौधरी ने कहा कि भविष्य की आवश्यकतानुसार मेडिकल कालेज को बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर, संसाधन के साथ सुविधायुक्त किया जा सके, इसके लिए कार्य योजना तैयार करें। इस अवसर पर कमिश्नर चिकित्सा शिक्षा छत्तीसगढ़ किरण कौशल, कलेक्टर कार्तिकेया गोयल, एमडी सीजीएमएससी पद्मिनी भोई उपस्थित रहे।

वित्त मंत्री चौधरी को मेडिकल कॉलेज में पर्याप्त फैकल्टी के संबंध में समीक्षा के दौरान बताया गया कि विभिन्न विभागों में फैकल्टी की कमी है। उन्होंने अनुमोदन प्राप्त कर भर्ती करने हेतु निर्देशित किया ताकि पर्याप्त फैकल्टी सहित चिकित्सक उपलब्ध हो सके। साथ ही उन्होंने नॉन टीचिंग पैरामेडिकल स्टॉफ नर्स, वार्ड बॉय जैसे अन्य पदों को भरने के निर्देश भी दिए। उन्होंने विभिन्न विभागों के ओपीडी, आईपीडी की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि अन्य मेडिकल कॉलेज की अपेक्षा यह कम है। उन्होंने मेडिकल कॉलेज की सेवाओं को बेहतर करने के निर्देश दिए। वित्त मंत्री चौधरी ने मेडिकल कॉलेज के निर्माण कार्य की जानकारी लेते हुए परिजनों के रुकने, किचन शेड जैसे अन्य सुविधाओं के विस्तार हेतु विस्तृत कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए ताकि लोगों को सहुलियत हो सके। दवाइयों की स्थिति के संबंध में समीक्षा पर जानकारी दी गई कि सीजीएमएससी के माध्यम में प्राप्त हो रहा है साथ ही स्थानीय खरीदी की जाती है।

वित्त मंत्री चौधरी ने रेसीडेंस डॉक्टर की नियुक्ति करने एवं मेडिकल कॉलेज में उपलब्ध मशीनों को संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कई बार शिकायत मिलती है कि डॉक्टर उपलब्ध नही है, उन्होंने उपस्थिति के संबंध में डीन को बायोमेट्रिक की मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आप सभी शासन के कार्य कर रहे है। अत: अपना कार्य पूर्ण जिम्मेदारी से करें। इस दौरान उन्होंने अच्छा कार्य करने हेतु एनेथिसिया, फिजियोथेरिपी सहित अन्य विभाग की सराहना भी की। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा की मेडिकल कॉलेज के प्रबंधन के साथ ही स्टॉफ सुविधाओं में वृद्धि हेतु शासन द्वारा फंड प्रदान किया जाएगा, लेकिन व्यवस्था का संचालन बेहतर रूप में करें।

वित्त मंत्री चौधरी ने कहा कि मेडिकल कॉलेज में मरीजों से कुशल व्यवहार के साथ उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग के निर्देश दिए। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि मेडिकल कॉलेज की समस्या को जानने के साथ सुविधाओं में बढ़ोतरी का प्रयास किया जा रहा है। ताकि आने वाले समय में सुविधाओं को और कैसे बेहतर की जा सकती है। इसके लिए योजनाबद्ध तरीके से संपूर्ण रोड मैप बनाए। जन सुविधा और बेहतर प्रबंधन के लिए जो भी राशि की आवश्यकता होगी उसे शासन द्वारा प्रदान किया जाएगा।

बैठक में डीन मेडिकल कालेज डॉ.पी. एम.लूका, मेडिकल कालेज अधीक्षक डॉ.मनोज कुमार मिंज सहित मेडिकल कालेज अस्पताल के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

**महिला स्टॉप के लिए यातायात व्यवस्था के दिए निर्देश**

वित्त मंत्री चौधरी ने नाइट शिफ्ट में कार्य करने वाली महिला कर्मचारियों के लिए यातायात व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रात्रि के दौरान मेडिकल कॉलेज आने जाने में महिला कर्मचारियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, इसके लिए रात्रि में ड्यूटी करने वाली महिला कर्मचारियों की संख्या जानकारी लेते हुए इसके लिए मेडिकल कॉलेज प्रबंधन योजना बनाए।

**सकारात्मक वातावरण करें निर्मित**

वित्त मंत्री चौधरी ने स्टॉफ को मोटिवेट कर कार्यकुशलता बढ़ाने एवं सकारात्मक वातावरण निर्मित करने को कहा। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज में उपलब्ध विभागों से एक-एक कर सभी विभागों की अवश्यकताओं की जानकारी लेकर लिस्टिंग करें। जिसे शासन प्राथमिकता के क्रम में पूर्ण करेगी।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480